# सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती : सई मांजरेकर



**अभिनेत्री** सई मांजरेकर का कहना है कि उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है. सई मांजरेकर, जिन्होंने पहले ही बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है, अपनी प्राथमिकताओं को लेकर साफ हैं. उनके लिए सिनेमा सिर्फ भाषा की बात नहीं, बल्कि अच्छी कहानियों और प्रेरणादायक सहयोग का माध्यम है. सई ने कहा कि मेरा मानना है कि सिनेमा की कोई भाषा नहीं होती. असल मायने रखती है कहानी और उसका दर्शकों से जुड़ाव.

अभी मैं बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री पर ध्यान दे रही हूं, लेकिन आगे चलकर मैं एक अच्छी मराठी फिल्म जरूर करना चाहूंगी. जब तक स्क्रिप्ट रोमांचक हो और डायरेक्टर का विजन मजबूत हो, मैं किसी भी इंडस्ट्री को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हूं. सई मांजरेकर ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की तुलना करते हुए कहा कि दोनों जगह काम करने का मौका मिलने के बाद मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री की अपनी अलग पहचान और जादू है.

बॉलीवुड में कहानियों को बड़े भावनात्मक अंदाज में दिखाया जाता है, जबकि साउथ में मैंने अनुशासन और कला के प्रति गहरा सम्मान देखा, जो मुझे बेहद पसंद आया. दोनों अनुभवों ने मुझे अलग-अलग तरह से गढ़ा है और मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि दोनों का हिस्सा हूं. मेरे लिए यह सफर दोनों की अच्छाइयों को अपनाने और हर प्रोजेक्ट के साथ आगे बढ़ने का है.

सई मांजरेकर की सोच पर घर का भी असर रहा है. उनके पिता, मशहूर फिल्ममेकर और अभिनेता महेश मांजरेकर, आठ अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके हैं और उन्होंने सई को दिखाया कि अच्छी कहानियां सीमाओं को पार कर सकती हैं. उसी से प्रेरित होकर सई भी अपना एक ऐसा बहुभाषी सफर तय करना चाहती हैं, जिसमें मुख्यधारा का आकर्षण भी हो और दिल को छूने वाली कहानियां भी.

## शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक रिलीज



**बॉलीवुड** अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है.

शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आने वाली फिल्म ओ रोमियो में नजर आएंगे. इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं.फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है. शाहिद कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म ओ रोमियो का फर्स्ट लुक शेयर किया है.

शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म ओ रोमियो का पोस्टर साझा किया. पोस्टर में शाहिद हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं.

फिल्म ओ रोमियो 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस फिल्म में शाहिद कपूर ,तृप्ति डिमरी और नाना पाटेकर की अहम भूमिका होगी. यह फिल्म शाहिद और निर्देशक विशाल भारद्वाज की चौथी साझेदारी है, जिन्होंने पहले कमीने, हैदर और रंगून जैसी फिल्में बनाई हैं.


## अवैध सट्टेबाजी केस में फंसीं उर्वशी रौतेला



**ऑनलाइन** सट्टेबाजी मामले में हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और बंगाली सिनेमा से राजनीति में कदम रखने वाली मिमी चक्रवर्ती को समन भेजा है. यह समन अवैध बेटिंग ऐप मामले से जुड़ा है. दोनों को दिल्ली मुख्यालय में पेश होकर अपने बयान दर्ज कराने होंगे.ईडी की जांच में सामने आया कि कई ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म्स गैरकानूनी तरीके से भारत में अपना कारोबार फैला रहे हैं.

जानकारी के मुताबिक मिमी चक्रवर्ती को 15 सितंबर और उर्वशी रौतेला को 16 सितंबर को पेश होने के आदेश दिए गए हैं. जांच एजेंसी ये समझना चाहती है कि आखिर इन सितारों की भूमिका इन एप्स के प्रचार और पब्लिसिटी में किस हद तक रही है.ईडी के अधिकारियों ने कोर्ट और मीडिया में ये साफ किया था कि ये प्लेटफॉर्म शुरुआत में खुद को स्किल बेस्ड गेमिंग के तौर पर प्रचारित करते हैं. आकर्षक ऑफर्स और मशहूर चेहरों की मौजूदगी से यूजर्स को लुभाया जाता है. लेकिन असलियत में इन एप्स का एल्गोरिद्म धोखाधड़ी से भरा होता है. ये एप्स पूरी तरह से बैन होने के बावजूद अलग-अलग डोमेन्स और माध्यमों से लोगों तक पहुंच बना लेते हैं. फिल्म और राजनीति दोनों दुनिया की पहचानी जाने वाली ये हस्तियां अब जांच एजेंसियों के सवालों के घेरे में हैं. माना जा रहा है कि ईडी यह पता करना चाहती है कि कहीं इनके नाम और चेहरे का इस्तेमाल अवैध कमाई को वैध ठहराने या जनता को आकर्षित करने के लिए तो नहीं किया गया. मिमी चक्रवर्ती जहां बंगाल की राजनीति में सक्रिय सांसद हैं, वहीं उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की लोकप्रिय अदाकारा हैं.

## विशाल-शेखर की जोड़ी को पूरे हुए 25 साल..



**बॉलीवुड** के मशहूर संगीतकार और गायक विशाल-शेखर की जोड़ी ने अपनी 25 साल की दोस्ती और संगीतमय साझेदारी को धूमधाम से मनाया. हाल ही में दिल्ली में हुए एक जोशपूर्ण लाइव कॉन्सर्ट में इस जोड़ी ने अपनी संगीत यात्रा का जश्न मनाया.

यह कॉन्सर्ट विशाल-शेखर लाइव टूर का हिस्सा था, जिसे वीजा और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से प्रस्तुत किया गया, और ट्राइबवाइब एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित किया गया. इस आयोजन ने उनकी रजत जयंती की शुरुआत को चिह्नित किया, जिसकी शुरुआत इस साल अमेरिका में उनके हाउसफुल शो के साथ हुई थी.कॉन्सर्ट की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म ओम शांति ओम के गाने दीवानगी दीवानगी से हुई, जिसने पलक झपकते ही दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया. इसके बाद डीजे सात्विक ने अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को और गर्माया. यह रात विशाल-शेखर की संगीतमय यात्रा का उत्सव बन गई, जिसमें राइट हियर राइट नाउ, दस बहाने, डिस्को सॉन्ग, तू मेरी, देसी गर्ल, ऊह ला ला, राधा और बचना ऐ हसीनों जैसे सुपरहिट गाने शामिल थे. रंग-बिरंगे दृश्यों, आतिशबाजी और कागजों की चमक से सजा मंच इस कॉन्सर्ट को एक विशाल गायन उत्सव में बदल गया.

विशाल ददलानी ने दिल्ली की भारी भीड़ को देखकर कहा, यह एक अविस्मरणीय और भावनात्मक यात्रा रही है. शेखर के साथ 25 साल तक संगीत रचने का अनुभव और यह शो हमारे प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है. वहीं, शेखर रविजानी ने इसे अपनी संगीतमय यात्रा की रजत जयंती का शानदार आगाज बताया.शेखर रविजानी ने कहा, यह कॉन्सर्ट हमारी साझा रचनाओं क उत्सव है. हम अपने गानों की ऊर्जा और यादों को मंच पर जीवंत कर रहे हैं, और दिल्ली ने हमें एक शानदार शुरुआत दी.

## मृणाल ने लव सोनिया की रिलीज के सात साल पूरे



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म लव सोनिया के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया. मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं. इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है.मृणाल ठाकुर ने अपनी फिल्म लव सोनिया के सेट से कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, सात साल पहले मुझे लव सोनिया जैसा अनमोल तोहफा मिला. मैं एक छोटे शहर की लड़की थी, बड़े सपनों के साथ, और अनगिनत लोगों में से लव सोनिया ने मुझे चुना. यह मेरी पहली फिल्म थी और इसने मुझे सिखाया कि सिनेमा जिंदगी बदल सकता है.मृणाल ठाकुर ने आगे लिखा, मुझे आज भी सेट पर डेमी मूर, फ्रीडा पिंटो, ऋचा चड्ढा, मनोज बाजपेयी, राजकुमार राव, रिया सिसोदिया, सई ताम्हणकर और मार्क डुप्लास जैसे बड़े सितारों के बीच होने की घबराहट याद है. मैं खुद को छोटी मछली की तरह महसूस करती थी, लेकिन उन्होंने मुझे हर दिन कुछ नया सिखाया और अपनापन दिया.मृणाल ठाकुर ने आगे फिल्म के बारे में लिखा, फिल्म लव सोनिया सिर्फ एक फिल्म नहीं थी. इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं. आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं. सोनिया ने मुझे हिम्मत, आवाज और सिनेमा में एक परिवार दिया. इस सफर को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद. मैं ऐसी और कहानियां सुनाने की कोशिश करती रहूंगी, जो प्रेरित करें और बदलाव लाएं.

## अपने नये सफर की शुरुआत कर रही है कुब्रा सैत



**अभिनेत्री** कुब्रा सैत,रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ अपने नये सफर **अभिनेत्री** कुब्रा सैत,रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ अपने नये सफर की शुरुआत कर रही हैं. बोल्ड चॉइसेज़ और बेबाक अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत, जिन्होंने थिएट्रिकल और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म्स पर अपनी प्रतिभा साबित की है, अब अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल के साथ. बिल्कुल नए सफर की शुरुआत कर रही हैं. अपनी अनफ़िल्टर्ड पर्सनैलिटी और वर्सटिलिटी के लिए मशहूर कुब्रा सैत अब ऐसे मंच पर खुद को आज़मा रही हैं जहाँ अनप्रिडिक्टेबिलिटी ही असली नियम है. कुब्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने इस सफर के मायने बताए. अपनी ईमानदारी और गहराई से भरे अंदाज़ में उन्होंने कहा, मुझे अनजाने को खोजने का शौक है और यह मेरे लिए सबसे बेहतरीन अनुभव होने वाला है.

## फिल्म नौ देवी नव दुर्गा का ट्रेलर रिलीज

**एस** आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी फिल्म नौ देवी नव दुर्गा का ट्रेलर रिलीज हो गया है.

फिल्म नौ देवी नव दुर्गा का निर्माण रौशन सिंह ने किया है. सह-निर्माता शर्मिला आर. सिंह है,जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी संजय श्रीवास्तव ने निभाई है. इस फिल्म के ट्रेलर में देवी दुर्गा के रूप में रिंकू घोष ने अपनी अदाकारी से एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लिया है. वहीं आस्था सिंह और देव सिंह भी अपने दमदार अभिनय से लोगों का ध्यान खींच रहे हैं.

ट्रेलर को लेकर निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि नौ देवी नव दुर्गा केवल एक धार्मिक फिल्म नहीं है, बल्कि यह भव्यता और भक्ति का अद्भुत संगम है, जिसमें मां दुर्गा की गाथा को आधुनिक आस्था से जोड़ते हुए समाज को जागरूक करने का संदेश भी दिया गया है. उन्होंने विश्वास जताया कि जिस तरह दर्शकों ने ट्रेलर को सराहा है, उसी तरह पूरी फिल्म को भी अपार प्यार और आशीर्वाद मिलेगा.

फिल्म नौ देवी नव दुर्गा की कहानी मां दुर्गा की गाथा को आधुनिक आस्था से जोड़कर प्रस्तुत करती है. रौशन सिंह का कहना है कि यह फिल्म केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और धार्मिक आस्था का भी संदेश देती है.





## पोर्श ने पेश की नई 911 टर्बो एस, सबसे पावरफुल रोड मॉडल

**पोर्श** ने अपनी आइकॉनिक 911 सीरीज की नई जेनरेशन टर्बो एस को पर्दा हटाकर पेश किया है, जो सुपरकार की ताबड़तोड़ परफॉर्मेंस को रोजमर्रा की इस्तेमाल योग्यता के साथ बखूबी जोड़ती है. कूपे और कैब्रिओलेट दोनों वेरिएंट में उपलब्ध यह फ्लैगशिप मॉडल हाइब्रिड पावरट्रेन, तेज एयरोडायनामिक्स, अपग्रेडेड चेसिस सिस्टम और एक्सक्लूसिव डिजाइन के साथ आता है.

नई टर्बो एस में ट्विन-टर्बो टी-हाइब्रिड सिस्टम लगा है, जो 711 बीएचपी की ताकत और 800 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है. यह अब तक की सबसे पावरफुल रोड-गोइंग 911 है. दो इलेक्ट्रिकली असिस्टेड टर्बोचार्जर और कॉम्पैक्ट 400वी हाइब्रिड सिस्टम के साथ यह कार 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 2.5 सेकंड में पकड़ लेती है और टॉप स्पीड 322 किमी/घंटा तक जाती है. हाइब्रिड बूस्ट से न केवल रिस्पॉन्सिवनेस बढ़ती है, बल्कि दक्षता भी सुधरती है, बिना ड्राइवेबिलिटी पर असर डाले. पावर अपग्रेड को संभालने के लिए पोर्श ने दो-दरवाजे वाले मॉडल पर अब तक के सबसे बड़े सिरेमिक कंपोजिट ब्रेक लगाए हैं - आगे 420 एमएम और पीछे 410 एमएम डिस्क. साथ ही, पीछे के टायर्स को 325/30 जेडआर 21 साइज का बनाया गया है, जो एक्सट्रीम लोड्स में कॉर्नरिंग स्टेबिलिटी और ट्रैक्शन को बेहतर बनाते हैं.

हाइब्रिड हार्डवेयर के बावजूद कार का वजन पिछले मॉडल से सिर्फ 85 किलोग्राम ज्यादा है. चेसिस को ट्यून करके इस अतिरिक्त वजन का असर कम किया गया है, जिससे टर्बो एस ने न्यूबुर्गरिंग नॉर्डश्लेफे पर 7:03.92 मिनट का लैप टाइम हासिल किया - पहले से 14 सेकंड तेज. टेस्ट ड्राइवर जॉर्ग बर्गमाइस्टर ने इसे हर सेक्शन में शार्पर, ग्रिपियर और ज्यादा एजाइल बताया.

डिजाइन में पोर्श का नया टर्बोनाइट थीम डेब्यू कर रहा है, जो सिर्फ टर्बो मॉडल्स के लिए यूनिक है. यह फिनिश क्रेस्ट, लेटरिंग, व्हील्स और इंटीरियर हाइलाइट्स पर नजर आती है. अंदर 18-वे एडजस्टेबल स्पोर्ट्स सीट्स, नया माइक्रोफाइबर हेडलाइनर और एचडी मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स स्टैंडर्ड हैं. पोर्श एक्सक्लूसिव मैन्युफैक्चर कस्टमाइजेशन ऑफर करता है, जिसमें कार्बन-फाइबर रूफ पैनल्स और 100 से ज्यादा एक्सटीरियर कलर्स का चॉइस शामिल है.

## त्योहारी सीजन में होंडा कार्स ने दिए 1 .22 लाख तक ऑफर



**होन्डा** कार्स इंडिया ने जीएसटी 2.0 के नए कर ढांचे के तहत अपनी पूरी पैसेंजर वाहन लाइनअप पर कीमतें घटाने के कुछ दिनों बाद त्योहारी सीजन में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बड़े डिस्काउंट की घोषणा की है.

22 सितंबर से लागू हो रहे जीएसटी 2.0 के साथ ही ये छूट प्रभावी होंगी, जो अमेज, सिटी और इलिवेट मॉडल्स की बिक्री को त्योहारों के दौरान बढ़ावा देने का प्रयास हैं. कंपनी ने तीनों कारों पर कुल 1.22 लाख रुपये तक के फेस्टिव बेनिफिट्स की पेशकश की है, जो इस महीने के अंत तक उपलब्ध रहेंगे. जीएसटी 2.0 के मूल्य कटौती के साथ मिलकर ये छूट ग्राहकों के लिए बड़ा लाभ साबित होंगी.

होन्डा की भारतीय इकाई ने कहा कि ये फेस्टिव बेनिफिट्स ग्राहक भावना को मजबूत करने और मांग बढ़ाने के लिए हैं. जीएसटी 2.0 के तहत अमेज के दूसरे जेनरेशन मॉडल पर 72,800 रुपये और तीसरे जेनरेशन पर 95,500 रुपये की कीमत कटौती हुई है. इसके अलावा, फेस्टिव डिस्काउंट के रूप में दूसरे जेनरेशन अमेज पर 97,200 रुपये तक और तीसरे जेनरेशन पर 77,200 रुपये तक की छूट मिलेगी.

मिडसाइज सेडान सिटी को जीएसटी 2.0 के तहत 58,400 रुपये की मूल्य कमी मिली है. अब सितंबर 2025 में पेट्रोल वर्जन पर 1.07 लाख रुपये तक के फेस्टिव डिस्काउंट उपलब्ध हैं, लेकिन हाइब्रिड वर्जन को कोई विशेष लाभ नहीं दिया गया है.

कंपनी की एसयूवी इलिवेट पर जीएसटी 2.0 से 57,500 रुपये की कटौती हुई है. फेस्टिव बेनिफिट्स में टॉप-स्पेक जेडएक्स ट्रिम को 1.22 लाख रुपये का अधिकतम लाभ मिलेगा, जबकि वीएक्स और वी ट्रिम पर क्रमशः 78,000 रुपये और 58,000 रुपये की छूट है. एंट्री-लेवल एसवी ट्रिम पर कोई फेस्टिव डिस्काउंट नहीं है.

## भारत में डुकाटी ने लॉन्च की मल्टीस्ट्राडा वी4 और वी4 एस

**डुकाटी** ने भारत में अपनी प्रमुख साहसिक-यात्रा मोटरसाइकिल, 2025 मल्टीस्ट्राडा वी4 और वी4 एस को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया है. इस शानदार साहसिक बाइक की कीमत सामान्य वी4 के लिए 22.98 लाख रुपये (डुकाटी लाल रंग) से शुरू होती है, जबकि वी4 एस संस्करण तीलियों वाले पहियों और दोहरे रंग के पेंट के साथ 30.18 लाख रुपये तक जाती है. यह बाइक इतालवी डिज़ाइन, अत्याधुनिक तकनीक और लंबी दूरी की यात्रा के लिए उपयुक्तता का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है.

2025 मल्टीस्ट्राडा वी4 का आकार भले ही परिचित हो, लेकिन डुकाटी ने इसके रूप-रंग को और आकर्षक बनाया है. पैनिगेल सुपरबाइक परिवार से प्रेरित नया अगला हिस्सा इसे और आक्रामक रूप देता है. दोहरी सामने की लाइट को और प्रमुखता दी गई है, जबकि धुआँ निकालने वाली नली को पतला करके बाइक का रूप और साफ-सुथरा किया गया है. सहयात्री की सुविधा के लिए सामान रखने वाले बक्सों की स्थिति बदली गई है, साथ ही नए दोहरे रंग के पेंट विकल्प भी जोड़े गए हैं. ये बदलाव बाइक को न केवल आकर्षक बनाते हैं, बल्कि सहयात्री के लिए भी अधिक आरामदायक अनुभव प्रदान करते हैं.

**इंजन और प्रदर्शन**- मल्टीस्ट्राडा वी4 में 1,158 सीसी का वी4 ग्रांटुरिस्मो इंजन है, जो अब यूरो 5+ मानकों को पूरा करता है. यह इंजन 170 अश्वशक्ति की ताकत और 123.8 न्यूटन मीटर का बल उत्पन्न करता है, जो ताकतवर प्रदर्शन और उपयोगिता का शानदार संतुलन प्रदान करता है. नई सिलेंडर निष्क्रियता तकनीक हल्के थ्रॉटल उपयोग के दौरान पीछे के सिलेंडर को बंद कर देती है, जिससे ईंधन दक्षता में 6 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है. लंबी दूरी के सवारों के लिए 60,000 किलोमीटर का वाल्व सर्विस अंतराल इस बाइक को उच्च प्रदर्शन वाली साहसिक बाइकों में सबसे व्यावहारिक विकल्पों में से एक बनाता है.



## भारतीय स्कूटर बाजार में नई टक्कर

### टीवीएस नटॉर्क 150 बनाम हीरो जूम 160

**भारतीय** दो-पहिया वाहन बाजार में स्पोर्टी और प्रीमियम स्कूटरों की मांग तेजी से बढ़ रही है. इस बढ़ती प्रतिस्पर्धा में टीवीएस नटॉर्क 150 और हीरो जूम 160 ने हाल ही में लॉन्च होते ही खासी सुर्खियां बटोरी हैं. दोनों स्कूटर अपने-अपने सेगमेंट में अनोखे फीचर्स और राइडिंग अनुभव के साथ बाजार में उतर चुके हैं. लेकिन खरीदारों के लिए कौन-सा विकल्प अधिक फायदेमंद साबित होगा? कीमत, डिजाइन, फीचर्स और इंजन प्रदर्शन के आधार पर इनकी



तुलना से साफ होता है कि चुनाव राइडर की जरूरतों पर निर्भर करेगा.

कीमत हमेशा खरीदारी का पहला पैमाना होती है. टीवीएस नटॉर्क 150 का बेस वेरिएंट एक्स-शोरूम मूल्य 1.20 लाख रुपये से कम रखा गया है, जबकि टीएफटी स्क्रीन वाले टॉप वेरिएंट की कीमत 1.30 लाख रुपये से कम है. दूसरी ओर, हीरो जूम 160 की शुरुआती कीमत 1.50 लाख रुपये एक्स-शोरूम से कम है. इस लिहाज से नटॉर्क 150 बजट-जागरूक खरीदारों के लिए ज्यादा आकर्षक लगता है, खासकर युवा सवारों के बीच.

डिजाइन के मामले में दोनों स्कूटर अपनी-अपनी पहचान रखते हैं. टीवीएस नटॉर्क 150 स्पोर्टी लुक के साथ आता है, जिसमें स्प्लिट एलईडी हेडलैम्प्स, स्टाइलिश डीआरएल और 12-इंच पहिए शामिल हैं. इसका कॉम्पैक्ट व्हीलबेस शहर की सड़कों पर इसे अधिक फुर्तीला और युवा-अनुकूल बनाता है. वहीं, हीरो जूम 160 मैक्सी-स्कूटर शैली अपनाता है,